प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

ब्रिक्स शिखर

18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में विकासशील और उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले 11 देश भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के नेता कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन की शुरुआत ब्रिक्स सदस्य देशों के लिए "समावेशी वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षवाद को मज़बूत करना" विषय पर सत्र से होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्रिक्स नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। इनमें चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, अबू धाबी के युवराज शेख खालेद–बिन– मोहम्मद– बिन–ज़ायद अल नहयान, इथियोपिया के प्रधानमंत्री आबी अहमद अली, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री ले मिन्ह हंग के साथ बैठक भी शामिल हैं। पेश है यह रिपोर्ट

बिरला – गुरु ग्रंथ साहिब

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। बिरला ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाएं मानवता, प्रेम, समानता, सेवा और करुणा का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि ये शिक्षाएं हमें सत्य के मार्ग पर चलने और जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कामना की कि गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाओं से समाज में शांति, भाईचारा और एकता बढ़े।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलसी बनाना और उनका निश्चित कार्यकाल तय करना बेहद जरूरी है। शिमला में एक बयान में उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षक कार्यकाल तय नहीं होगा तब तक शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं लाए जा सकते। उन्होंने कहा कि हिमाचल में शिक्षक छात्र अनुपात देश में बेहतर है औसतन 10 छात्रों में एक शिक्षक है जबकि लाहौल स्पीति यह अनुपात तीन अनुपात एक है। उन्होंने कहा कि अब स्कूलों और कॉलेजों को समय की जरूरत और रोजगार की मांग के अनुसार तैयार करना होगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल किन्नौर जिले के छितकुल में विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इनमें तीन करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से बनने वाले ईको पार्क व दो करोड़ बारह लाख रुपये की लागत से रिमसरंग से रानी कंडा तक किए जाने वाले वन्यजीव सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि छितकुल में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए भविष्य में राफ्टिंग शुरू करने और उच्च स्तरीय राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

## किसान मानधन

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज 7 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 2019 में आज ही के दिन यह योजना आरंभ हुई थी। यह योजना पात्र भूमिधारक,लघु और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु से नियमित मासिक पेंशन की गारंटी प्रदान करती है। इस पहल का उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि किसानों की वृद्धावस्था स्थिरता और मानसिक शांति से बीते। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु से प्रति माह न्यूनतम तीन हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना ने लघु और सीमांत किसानों को अधिक वित्तीय सुरक्षा और सम्मान के साथ अपने वृद्धावस्था के प्रति आश्वस्तता का भाव सुनिश्चित किया है।

———————————————